विधानसभा तारांकित प्रश्न क-591 के प्रश्न भाग (ख) का परि. 'अ' प्रश्न सं. [क. 591]
प्रश्नकर्ता का नाम - श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर
सदन में उत्तर देने का दिनांक 22/07/2026 पेज 01
वि.स. अता. प्रश्न क्र. 880 दि. 04/12/2025

मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय

प्रश्न

| | |
|---|---|
| उत्तर भेजने का अंतिम तिथि | 26.11.2025 |
| सदन में उत्तर देने का दिनांक | 04.12.2025 |
| वर्ग | 3 |
| विभाग का नाम | लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा |

विषय – अस्पतालों के भवन निर्माण।

(अतारांकित प्रश्न क्रमांकः 880) श्रीमतीचंदा सुरेन्द्र सिंह गौर

क्या उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या प्रश्नकर्ता के प्रश्न क. 1236 दिनांक 30 जुलाई 2025 के उत्तर में मान. मंत्री जी द्वारा बताया गया था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलेरा एवं वल्देवगढ़ में विद्यमान परिसर में ही निर्माण कराया जावेगा लेकिन 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत राशि की तृतीय किस्त की प्राप्ति में विलंब होने से कार्य समय–सीमा मार्च 2026 में पूर्ण न होने के कारण प्रारंभ नहीं किये जा रहे है।

(ख) क्या तृतीय किस्त प्राप्त हो चुकी या नही तथा टेण्डर जारी किये गये या नहीं सम्पूर्ण जानकारी से अवगत करायें।

(ग) क्या केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी की ओर से स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलेरा एवं वल्देवगढ में भवन निर्माण का कार्य कब तक प्रारंभ करा दिया जावेगा सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराये।

उत्तर

(क) प्रश्न क. 1236 दिनांक 30 जुलाई 2025 के उत्तर में लेख है कि 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत राशि की तृतीय किस्त की प्राप्ति में विलंब होने से कार्य समय–सीमा मार्च 2026 में पूर्ण न होने के कारण प्रारंभ नहीं किये जा रहे है, साथ ही निर्माण कार्य यथासंभव विद्यमान परिसर में ही किये जाने के निर्णय के कारण जिला कलेक्टर से भूमि की मांग नहीं की गई का लेख है।

(ख) जी नहीं, शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

(ग) उत्तरांश ''क'' एवं ''ख'' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

(आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा
भोपाल

संचालक परियोजना
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
भोपाल मध्यप्रदेश